# नवलगढ़ में 76 मिमी. बरसात, शहर की कई बस्तियां जलमग्न

## अनेक इलाकों में जलभराव होने से लोग घरों में कैद होकर रह गए



नवलगढ़ में बरसात के बाद कई जगह पर पानी भर गया।

**नवलगढ़,** (निसं)। क्षेत्र में रविवार सुबह आठ बजे तक बीते 24 घंटे में 76 मिलीमीटर बरसात दर्ज की गई। नवलगढ़ शहर सहित क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में शनिवार दोपहर से शुरू हुई रविवार सुबह करीब 3 बजे तक रिमझिम बरसात चलती रही। रविवार को दिन में बरसात थमी रही। लेकिन शाम साढ़े छह बजे बाद फिर से शुरू हो गई जो देर रात तक जारी रही। शहर में बरसात के बाद रविवार सुबह कई निचली बस्तियां तालाब में तब्दील नजर आई।

नवलगढ़ में बकरा मंडी, मंडी गेट महामाया मंदिर के सामने वर्मा हवेली के पास वाली बस्ती, बिसायती मोहल्ला, कोठी रोड सहित अनेक इलाकों में जलभराव से लोग घरों में कैद होकर रह गए। हालांकि नगरपालिका की टीम जेनरेटर व मड पम्प की मदद से दिनभर पानी निकासी में जुटी रही। जिससे दोपहर बाद लोगों को राहत मिली। लेकिन बरसात के पानी की स्थाई ड्रेनेज व्यवस्था नहीं होने से हल्की बरसात से भी शहरवासियों को बार बार परेशानी झेलनी पड़ती है।

## जोधपुर के लिए यलो अलर्ट जारी किया

**जोधपुर,** (कासं )। रविवार को बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। दो दिन तक बारिश के आसार रहेंगे और उसके बाद 15 जुलाई से फिर नया सिस्टम एक्टिव होगा। जोधपुर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में मानसून की गुजरने के कारण बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। यानी एक या दो स्पैल में हल्की बारिश हो सकती है। जोधपुर शहर में पिछले 3 दिन में कहीं तेज तो कहीं बूंदाबांदी जारी है। रविवार को भी बारिश का आसार कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी की बात छोड़ दें तो शहर में बारिश नहीं हुई। पश्चिमी राजस्थान में 2 दिन बाद मानसून की गतिविधियां थोड़ी शांत होगी। लेकिन 15 जुलाई के बाद फिर से मानसून के एक्टिव होने का दावा किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार जोधपुर सहित 13 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग की ओर से 3 घंटे का जो अलर्ट बुलेटिन जारी किया जाता है उसमें जोधपुर को यलो कैटेगरी में रखा गया है। जोधपुर शहर सहित पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश जिलों में तापमान में काफी गिरावट आई है। जोधपुर शहर में इन दिनों अधिकतम तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है। जोधपुर शहर में 1 जून से लेकर अब तक करीब 200 मिमी बारिश हो चुकी है।

# पाली में बरसात से दो बांधों पर चादर चली



पाली की बांडी नदी में पानी आने से शहरवासी पहुंचे जिसके कारण नदी के पुल के ऊपर जाम लग गया।

**पाली,** (निसं)। पिछले 4 दिनों से पाली शहर में हो रही अच्छी बारिश से पाली शहर का हेमावास बांध व बानियबास बांध ओवरफ्लो हो गए हैं। रविवार को भी सुबह एक घंटे तक बारिश हुई। कई कॉलोनियों में पानी भर गया है, जिन पर जलभराव से बचाने का जिम्मा है उनके घर के आगे भी गलियों में पानी भरा है।

पाली विधायक ज्ञानचंद पारख, सभापति रेखा राकेश भाटी, उपसभापति ललित प्रीतमानी के घरों के पास भी 20 एमएम बारिश होने पर पानी भर जाता है। इस बार शहर के नालों की पूरी सफाई नहीं होने के कारण खतरनाक स्थिति बन सकती है। नयागांव रोड स्थित सभी कॉलोनियों में पानी भरा हुआ है। पाली में जल निकासी का राउंडअप बना हुआ है। बांडी नदी का पानी लोडिया तालाब से लखोटिया तलाव यहां से रामदेव रोड नाड़ी से होकर खोडिया बालाजी के पीछे से होकर वापस पानी नदी में

- बारिश से कई कॉलोनियों में हुआ जलभराव

गिरता है, लेकिन इस बीच आने वाले नाले नाडिया कचरे से भरी होने के कारण कई इलाकों में पानी भर सकता है। नगर परिषद के पास बजट नहीं है, दो जेसीपी खराब है पेट्रोल पंप वाले डीजल नहीं भर रहे हैं। लोगों ने कहा कि जिला कलेक्टर निर्देश देकर सफाई का काम तत्काल करवाएं नहीं तो दो-चार दिन में हालत खराब होंगे, क्योंकि मौसम विभाग अनुसार 3 दिन तक जोरदार बारिश होगी।

पाली तहसील के आसपास क्षेत्र में अच्छी बारिश होने का खेरवा , मारवाड़ धामली गांव की नदिया चलने से पाली की बांडी नदी इस सीजन में दूसरी बार चली। जिसे देखने शहरवासी पहुंचे। जिसके कारण नदी के पुल के ऊपर शाम पांच बजे से जाम लग गया।

# बारिश से देवयानी सरोवर में आया तीन फीट पानी



सांभर में रविवार को आई बारिश से देवयानी तीर्थ स्थल में तीन फीट पानी की आवक हुई।

**सांभरझील,** (निसं)। यहां देवयानी सरोवर में रविवार की शाम आई मूसलाधार बारिश से करीब 3 फीट पानी की आवक होने से सरोवर में हजारों की तादाद में मछलियों पर गहराता जल संकट फिलहाल टल गया है। करीब डेढ़ घंटे तक मूसलाधार बारिश होने से तीर्थ स्थल स्थित गोमुख से तेज पानी की जलधारा बहती देख यहां के पुजारियों के चेहरे भी खिल उठे। वहीं सांभर में रविवार को 70 मिमी बरसात हुई।

वहीं दूसरी ओर देवयानी स्थित ही संकट मोचन हनुमान मंदिर के सामने बड़ के बालाजी मंदिर में बारिश का पानी चारों ओर भर गया। पर्यटन विभाग की ओर से करीब चार साल पहले तीर्थ स्थल के चारों ओर बनवाई गई सड़क का ढलान मंदिर की तरफ होने के कारण इस मंदिर में पानी भरने की समस्या हर बारिश में देखने को मिलती है। यहां के पुजारी विकास शर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान कार्यकारी एजेंसी की

- सरोवर में हजारों की तादाद में मछलियों पर गहराता जल संकट टला

ओर से मापदंडों का उल्लंघन करते हुए गलत तरीके सड़क बनाकर यहां के मंदिरों के अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। क्योंकि बारिश का पानी सड़क नाली से ऊंची होने के कारण प्रवेश द्वार से होता हुआ मंदिर में भर जाता है। इसका समाधान करवाने के लिए क्षेत्रीय विधायक को भी कई दफा बता दिया लेकिन उनकी ओर से भी कोई कारगर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

पालिका प्रशासन एक तरफ सफाई व्यवस्था के लिए बेहतर अंक लाने का प्रयास कर रही है दूसरी तरफ सफाई व्यवस्था आज भी अनेक जगहों पर चरमराई हुई है बारिश की वजह से नया बस स्टैंड पर भी चारों ओर पानी भरा होने से लोगों को बेजा परेशानी का सामना करना पड़ा।

# भरतपुर शहर के कई हिस्सों में जलभराव



भरतपुर में बरसात होने से गलियों में पानी भर गया।

**भरतपुर,** (निस)। रविवार को दोपहर में मौसम में बदलाव के साथ आसमान में घने बादलो ने डेरा ही नहीं डाला अपितु कुछ देर घनघोर बरसे भी और मौसम खुशनुमा भी हो गया लेकिन इसी के साथ शहर के अधिकांश नाले नालियां बंद होने के कारण तेज बारिश के चलते कई इलाकों में जलभराव होने से सड़कों ने दरिया का रूप ले लिया।

जल भराव से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर में मुख्य बाजार की सड़कों के साथ गली मोहल्लों की गलियों में पानी भरने से दुपहिया वाहन चालकों के साथ राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुल मिलाकर

- इलाकों में जलभराव होने से सड़कों ने दरिया का रूप ले लिया

बदहाल व्यवस्था के बीच हर कोई नगर निगम की सफाई व्यवस्था के दावों पर सवाल उठाता नजर आया।

लोगों के बीच यह भी चर्चा रही कि आखिर भरतपुर विधायक के राज्यमंत्री होने के बाद भी नाले नालियों के लाखों के बजट को कौन लोग हजम कर गए और किसी को पता भी नहीं लगा। शहर की कुछ कॉलोनियां तो ऐसी है। जहां थोड़ी से बरसात ही आफत बन जाती है। जहां कुछ कॉलोनियों में तो जलभराव कुछ समय बाद ठीक हो जाता है। वहीं कुछ कॉलोनियों में पानी निकलने के लिए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

ऐसे में लोगों का जीवन-यापन बुरी तरह प्रभावित होता है। शहर की सरकूलर रोड के बाहर दर्जनों कॉलोनियों में बारिश के बाद जलभराव की स्थिति बन गई। वहीं शहर के अंदर नगर निगम के ठीक पीछे स्थित रसाला मौहल्ला में जरा सी बारिश से कॉलोनी में दो-दो फुट पानी जमा हो गया।

## सोती हुई पत्नी का काट दिया गला, मौत

- जहर पीकर पति ने किया सुसाइड का प्रयास
- जान बची तो पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरतगढ़,** (निसं)। सोती हुई पत्नी का धारदार हथियार से गला काटने के बाद पति ने जहर खा लिया। पत्नी को मौत हो गई, लेकिन लोगों ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी जान तो बच गई, लेकिन पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। मामला सूरतगढ़ सदर थाना क्षेत्र का है। घटना गांव 15 एसजीआर में 30 जून को हुई। स्वास्थ्य में सुधार के बाद हत्या के आरोपी पति महेंद्र पुत्र मुखराम जाट को अस्पताल से छुट्टी दी गई थी। जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्त में ले लिया।

सदर थाना प्रभारी सुभाष बराला ने बताया कि अलसुबह मुखराम जाट ने अपने घर में चारपाई पर सोई हुई पत्नी की धारदार हथियार से गला काट कर हत्या कर दी थी। यही नहीं, आरोपी ने खुद भी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया था। घटना के बाद ग्रामीणों ने अचेत अवस्था में महेंद्र जाट को निरवाना गांव के सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया था, जहां उसका लगातार उपचार चल रहा था। आरोपी को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस ने उसे राउंडअप करते हुए पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ बराला ने बताया कि हत्यारोपी महेंद्र जाट ने प्रारंभिक पूछताछ में आपसी मनमुटाव के चलते पत्नी रानी देवी की हत्या करना स्वीकार किया है। पुलिस आज आरोपी महेंद्र जाट को मजिस्ट्रेट के समक्ष कर रिमांड पर लेगी। साथ ही वारदात में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किया जाएगा।

लॉकडाउन के दौरान महेंद्र जाट ने बिहार मूल की निवासी रानी देवी के साथ शादी रचाई थी, जिसकी उसने अपने ही हाथों से हत्या कर दी। साथ ही खुद ने भी कीटनाशक का सेवन कर सुसाइड का प्रयास किया। परन्तु आरोपी की हालत गंभीर होने के कारण पुलिस ना बयान ले पाई और ना ही उसकी गिरफ्तारी कर सकी। लगातार निगरानी कर रही सदर पुलिस ने स्वास्थ्य में सुधार होने पर छुट्टी मिलते ही महेंद्र को गिरफ्त में ले लिया। हत्या के इस मामले में भगवानगढ़ गांव की महिला सरपंच के पति गगनदीप सिंह की ओर से सदर पुलिस थाना में महेंद्र जाट के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया था।

## डिग्गी कल्याणजी का मेला 22 से

**मालपुरा,** (निसं)। विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल डिग्गी कल्याणजी महाराज का 58वां श्रावण लक्खी मेला 22 अगस्त से 27 अगस्त तक आयोजित होगा।

लक्खी पदयात्रा संयोजक श्रीजी शर्मा ने बताया कि 22 अगस्त को प्रात: 9 बजे ताडकेश्वर मंदिर चौड़ा रास्ता जयपुर से पदयात्रा के शाही निशान के साथ पदयात्रियों का जत्था रवाना होगा जो कि मदरामपुरा में पहला विश्राम कर 23 को हरसुलियां, 24 को फागी, 25 को चौसला व 26 को डिग्गी पहुंचकर शाम 5 बजे प्रशासनिक अधिकारियों व श्रीजी भक्तों के साथ गाजे-बाजे से शोभायात्रा निकाल मंदिर पहुंच मंदिर शिखर पर निशान चढ़ाया जायेगा।

## चार हथियार तस्कर गिरफ्तार

**करौली,** (निसं)। जिले में जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में अवैध हथियारों कि खरीद-फरोख्त तस्करी करने वालों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जिले के मंडरायल और बालघाट थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए चार अवैध देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस सहित चार हथियार तस्कर गिरफ्तार किये।

मंडरायल थाने के नवनियुक्त थानाधिकारी रामनिवास गुर्जर ने मय पुलिस जाप्ता के हथियारों कि तस्करी करते दो तस्कर अतर सिंह पुत्र भगवती मीणा निवासी तुरसमपुरा थाना मंडरायल प्रवीण पुत्र उम्मेद मीणा निवासी नयागांव थाना मंडरायल 2 अवैध देसी कट्टा 315 बोर सहित अतर सिंह पुत्र भवगती मीणा निवासी तुरसमपुरा थाना मंडरायल, प्रवीण पुत्र उम्मेद मीणा निवासी नया गांव को गिरफ्तार किया जिनसे पूछताछ जारी है।

उधर बालघाट थानाधिकारी अवजीत कुमार के नेतृत्व मे गठित अलग-अलग पुलिस टीमो द्वारा कार्यवाई करते हुए किसी संगीन वारदात की फिराक में अवैध हथियार लेकर घूमरहे राजाराम पुत्र भूरसिंह मीणा निवासी भोपुर, विजय सिंह मीणा रूप नारायण मीणा निवासी भोपुर को एक अवैध हथकड़ देसी कट्टा एवं एक अवैध पोना बारह बोर दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किये जिनसे पूछताछ जारी है।

## कीटनाशक के प्रभाव से एक की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। गाँव राघा छोटी की रोही में अपने खेत में कृषि कार्य करते समय एक व्यक्ति की मूंग की फसल में स्प्रे करते समय कीटनाशक दवा के प्रभाव से मौत हो गई। जिसकी राजगढ़ थाने में मर्ग दर्ज की गई है। राजगढ़ थाने में रूपेश पुत्र अनुप सिंह जाट निवासी राघा छोटी पुलिस थाना राजगढ (चूरू) ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि आठ जुलाई की शाम को करीबन पांच बजे उसके चाचा का लड़का संदीप पुत्र सुरेश जाट निवासी राघा छोटी खेत में मूंग की फसल में स्प्रे करने के लिए गया हुआ था। जैसे ही रूपेश खेत में पहुंचा तो संदीप बेहोशी की हालात में मूंग की फसल में पड़ा हुआ था।

## बाघिन एसटी-19 ने दो शावकों को जन्म दिया

### सरिस्का का वैश्विक स्तर पर अपना एक इतिहास रहा हैः जूली

**अलवर,** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने विश्व पटल पर अपनी विशेष पहचान बना चुके सरिस्का में लगातार बढ़ रहे कुनबे को लेकर खुशी जाहिर की है। मंत्री जूली ने बताया कि सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघिन एसटी-19 ने दो शावकों को जन्म दिया है जिससे यहां निश्चित तौर पर पर्यटक एवं पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सरिस्का के अधिकारियों को बाघों की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि, बाघिन एसटी 19 के शावकों के साथ पहली बार नजर आई है अब करीब डेढ वर्ष बाद फिर बाघिन ने दो शावकों को जन्म दिया है ऐसे में यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

# पौंड में डूबने से दो चचेरे भाईयों की मौत

## पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम व ग्रामीणों की मदद से दोनों को बाहर निकाला

**चाकसू,** (निसं)। जिले के चाकसू उपखंड के ठिकरिया गुजरान गांव के खेत में बने बिना मुंडेर के फार्म पौंड में डूबने से एक ही परिवार के दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। सूचना पर कोटखावदा थाना अधिकारी विजय सिंह मय जाप्ते मौके पर पहुंचे और सिविल डिफेंस टीम व ग्रामीणों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों भाई सचिन व विकास को बाहर निकालकर उपजिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस व परिजनों ने बताया कि सचिन व विकास गांव से बाहर खेत पर पशु चराने गए थे। इस दौरान पैर फिसलने से फार्म पौंड में विकास गिर गया और डूबने लगा। यह देखकर पास ही खड़ा सचिन भी विकास को बचाने के लिए पानी में कूद गया, इनकी आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस कोटखावदा थाना अधिकारी विजय सिंह मय जाब्ते मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद दोनों

- पुलिस व परिजनों ने बताया कि दोनों गांव से बाहर खेत पर पशु चराने गए थे

को बाहर निकाला और उप जिला अस्पताल चाकसू पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया और पुलिस ने थाने के बाहर स्थित मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

इस दौरान चाकसू एसडीएम अशोक कुमार रिणवा, एसीपी अजय कुमार शर्मा भी यहां पहुंचे जिन्हें ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही दोनों बच्चों के शव घर पर पहुंचे तो परिजनों का रो-रो के बुरा हाल हो गया। मृतक बच्चों की मां बार- बार बेहोश हो रही थी जिन्हें देखकर हर व्यक्ति की आँखे नम थी।

**कार्यालय श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल मण्डफिया, जिला -चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक/लेखा/श्रीसांमंमं/2023-24/773 दिनांक:-08.07.2023

**-: ई- निविदा सूचना -14/2023-24:-**

श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल, मण्डफिया द्वारा सोना व चांदी आपूर्ति कार्य एवं हाईमास्ट लाईट्स लगाने का कार्य (कुल 02 निविदाएं) हेतु उपयुक्त विभाग व श्रेणी में पंजिकृत संवदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व सम्बन्धित विवरण व अन्य शर्ते इन्टरनेट वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in** तथा **sppp.raj.nic.in** पर उपलब्ध है। ऑनलाईन निविदा प्रपत्र **www.eproc.rajasthan.gov.in,** पर दिनांक 10.07.2023 को प्रात: 09.00 बजे से उपलब्ध होकर दिनांक 19.07.2023 सायं 06.00 बजे तक ऑनलाईन जमा किये जा सकते है। निविदाओं का निविदा शुल्क, धरोहर राशि व प्रोसेसिंग फीस श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल के बैंक ऑफ बडौदा, शाखा-मण्डफिया के खाता क्रमांक- 52430100000001 **IFSC-BARBOMANDPH** में **RTGS/NEFT/IMPS/UPI** के माध्यम से जमा करवानी होगी। ऑनलाईन प्राप्त निविदाओं का तकनिकी भाग दिनांक 20.07.2023 को दोपहर 12.00 बजे मंदिर मण्डल के चित्तौड़गढ़ कलेक्ट्रेट परिसर कमरा नं. 04 में स्थित कार्यालय में ऑनलाईन खोली जावेगी।

**NIB NO- SMM2324A0014**

मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल